रणजीत टाइम्स

इंदौर

बुधवार, 11 जून, 2025

वर्ष 01 | अंक 150 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

### पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

# पिछोर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों तथा अन्य विषयों को लेकर हुई चर्चा



दैनिक रणजीत टाइम्स

जगदीश पाल

पिछोर (शिवपुरी) गत दिवस पिछोर क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी इन दिनों भोपाल में विकास कार्यों तथा अन्य विषयों से सम्बंधित कई अन्य योजनाओं को लेकर प्रदेश शासन के यसस्वी मुख्यमंत्री मोहन सिंह यादव से मुलाकात की! बतादें की भोपाल में गत दिवस शिवपुरी प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के द्वारा शिवपुरी जिले के चारों विधायकों तथा कोर कमेटी के सभी सदस्यों के साथ होने बाली बैठक में सम्मिलित हुए, जहाँ विधायक प्रीतम सिंह लोधी नें म.प्र. के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन सिंह यादव से मुलाकात करते हुए पिछोर क्षेत्र में होने बाले विकास कार्यों की मांग के बारे में तथा विधानसभा क्षेत्र के कई पहलुओं पर चर्चा की गई!

# संत कबीर: एक विचार क्रांति के जनक

रणजीत टाइम्स

भारत की संत परंपरा में कबीर एक ऐसा नाम है, जिसने समाज, धर्म और अध्यात्म को एक नई दिशा दी। उनका जीवन किसी एक संप्रदाय या धर्म से बंधा नहीं था, बल्कि उन्होंने इंसानियत को ही सबसे बड़ा धर्म माना। संत कबीर का जन्म 15वीं शताब्दी में हुआ था। कहा जाता है कि वे एक जुलाहा परिवार में पले-बढ़े, लेकिन विचारों में वे समस्त समाज के संत बन गए। उन्होंने अपने दोहों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वासों, बाह्याडंबर और जातिवाद पर तीखे प्रहार किए। कबीरदास ने 'राम' को सिर्फ ईश्वर नहीं, बल्कि एक प्रेम का प्रतीक माना — जो हिंदू-मुस्लिम दोनों के दिलों में बसता है।



### उनके कुछ प्रसिद्ध दोहे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं

» "बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय, जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय।"

» "पोथी पढ़-पढ़ जग मुआ, पंडित भया न कोय, ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।"

### संत कबीर का संदेश स्पष्ट था

"ईश्वर मंदिर-मस्जिद में नहीं, बल्कि इंसानियत और सच्चे प्रेम में है।" आज जब समाज फिर से भेदभाव, हिंसा और द्वेष की ओर बढ़ रहा है, ऐसे समय में संत कबीर का मार्गदर्शन और उनकी वाणी हमें एकजुट होने की प्रेरणा देती है।

आइए, इस संत कबीर जयंती पर हम संकल्प लें – "धर्म से ऊपर इंसानियत को रखें, और प्रेम को जीवन का आधार बनाएं।"

- गावंडे परिवार, इंदौर

# मानव जीवन के उद्देश्य को समझें सहजयोग ध्यान पद्धति से

### 26 जनवरी 1979, बोरीवली, मुंबई में अपने एक प्रवचन में श्री माताजी ने कहा था,

"शायद आप नहीं जानते हैं कि परमात्मा ने आपको क्यों बनाया और कभी आप सोचते भी नहीं है परमात्मा ने इतनी मेहनत करके आपको इतना सुन्दर क्यों बनाया, आपको मनुष्य क्यों बनाया परमात्मा ने, इस पर भी आप गौर नहीं करते हैं क्योंकि आपके पास समय ही नहीं है कि यह सोचें कि हम क्या हैं, हम किसलिए संसार में आये हैं, हमारा क्या कार्य है। अगर मैं कहूँ आपसे कि अपने अंदर की ओर झांकिए, अपने को देखिये तो आप अपने को नहीं देखते हैं, आप कहेंगे कि माँ ये किस तरह से होता है, किस तरह से अंदर जायें, हम तो आपकी बात सुन रहे हैं, आप बाहर हैं, आपको देख रहे हैं लेकिन हमसे आप कहें कि अंदर की ओर जायें, ये बड़ा मुश्किल कार्य है।"



"अंदर की ओर जायें, ये बड़ा मुश्किल कार्य है।", यह बात हर साधक के मन में आ सकती है। सचमुच यह मुश्किल कार्य ही है लेकिन असंभव नहीं। माँ कभी अपने बच्चों से असंभव कार्य करने को नहीं कहेगी। बल्कि उस असंभव कार्य को संभव कैसे करना है यह सिखायेगी। सहज योग यही ध्यान पद्धति है। परमपूज्य श्री माताजी प्रणित सहज योग से साधकों ने यह समझा है कि हम ईश्वर की सर्वोत्तम सृष्टि हैं और ईश्वर ने हमें अपने स्वरूप में ही निर्मित किया है। ईश्वर यह चाहते हैं कि हम ईश्वर की इस सृष्टि को, इस ब्रम्हांड को सुंदरतम बनायें, आपस में स्नेह और सद्भावना रखें। अपने प्रतिबिंब मानवमात्र से ईश्वर की यही अपेक्षा है कि हम उनके प्रतिनिधि की तरह इस संसार में जीये। अपने किसी और सृष्टि से ईश्वर को यह अपेक्षा नहीं है।

ईश्वर का प्रतिबिंब मानव अपने को तभी समझ सकता है जब वो स्वयं को देख सके, अपने आत्मज्ञान को प्राप्त कर सके। सहज योग में आत्मसाक्षात्कार के उपरांत जब कुंडलिनी शक्ति जागृत होती है तब हमारा सहस्त्रार खुलता है, हम इस विराट में फैले चैतन्य को महसूस करने लगते हैं। यह एक अद्भुत, सुंदर और अविश्वसनीय सत्य है। जिस प्रकार सागर में यदि कटोरी भर रंग डाला जाये तो रंग का अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा। उसी प्रकार हमारी आत्मा भी सागर की तरह है जिसमें दिव्य प्रकाश है। जब यह प्रकाश रुपी सागर हमारे मस्तिष्क में गिरता है तब मस्तिष्क का अपना स्वरूप आध्यात्मिक हो जाता है और हम ईश्वरीय साम्राज्य में प्रवेश करने की पात्रता पा लेते हैं। जो लोग ध्यान धारणा करते हैं, समर्पण करते हैं, गहनता में उतरते हैं वे वृक्ष की जड़ों की तरह गहनता में प्रवेश पाते हैं और ऐसे व्यक्ति का सभी अनुसरण करते हैं।

जब हम इस आत्म स्थिति को पा लेते हैं तब हमें पूजा या किसी भी विधि विधान या कर्मकांड की आवश्यकता नहीं रह जाती है। हम पूर्ण निरानंद की स्थिति में शांति प्राप्त करने लगते हैं। 'मैं' से उपर उठ जाते हैं। अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# पिपलझोपा खड़कवानी के ग्रामीणों ने बढ़ती बिजली कटौती की समस्या को लेकर कनिष्ठ यंत्री को दिया ज्ञापन, जताई नाराजगी



दैनिक रणजीत टाइम्स

शिवकुमार राठौड़


कसरावद। गर्मी के इन दिनों में लगातार पारा अपना रंग दिखा रहा है तो वही उमस और गर्मी से आमजन भी प्रभावित हो रहे हैं लगातार बिजली कटौती होने से ग्रामीणों में भी आक्रोश का माहौल है। लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर ग्रामीण बिजली ग्रिड पर पहुंचे तो वही कसरावद तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मगरखेड़ी के पिपलझोपा सहित ग्राम पंचायत खड़कवानी के ग्रामीण बिजली कटौती की समस्या को लेकर मंगलवार को ग्राम निमरानी स्थित बिजली ग्रिट पर बालसमुद कनिष्ठ यंत्री रिषभ राजपूत एवं कार्यपालन यंत्री सब डिवीजन मंडलेश्वर में ज्ञापन देने पहुंचे। जहां उन्होंने आवेदन देते हुए अपनी समस्या बताई ग्रामीणों का कहना हे कि हमारे ग्राम पंचायत मगरखेड़ी पिपलझोपा खड़कवानी में प्रतिदिन छह घंटे की बिजली कटौती की जा रही है और साथ ही दिन में बार बार दस दस मिनट पर बिजली कटौती होती हैं। यह प्रतिदिन की समस्या बन चुकी है।बिजली विभाग की मनमानी से इन गर्मी के दिनों में आमजन का जनजीवन सहित किसानों की फसलें भी प्रभावित हो रही है।

वही ग्राम पंचायत मगरखेड़ी के सरपंच महेश सांवले ने बताया की हमारे ग्राम पंचायत मगरखेड़ी पिपलझोपा खड़कवानी क्षेत्र में बिजली की समस्या काफी दिनों से बनी हुई है। साथ इस समस्या को लेकर कोई भी बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं देते हैं। जिसको भी फोन लगाओ वो किसी ओर नाम बताता है।कोई भी अपने कार्य के प्रति जिम्मेदार नहीं हैं।लगातार हो रही बिजली कटौती से किसान भी परेशान हैं।फसलों को पानी नहीं मिलने से फसल भी प्रभावित हो रही है तो वही प्रतिदिन छह छह घंटे बिजली कटौती रहती है।दस दस मिनट पर बिजली कटौती की जा रही है।वोल्टेज कम होने से भी परेशानी बनी हुई है हमने आज आवेदन कनिष्ठ यंत्री बालसमुद एवं कार्यपालन यंत्री मंडलेश्वर सब डिवीजन दोनों को दे कर अपनी समस्याओं से अवगत करवाया है।

ग्रामीण वोल्टेज ओर मैनपावर की समस्या लेकर आए थे कि उनके यहां कार्य करने में समय ज्यादा लग रहा है इसमें जो भी उचित कार्य कर सकते हे कराएंगे। रिषभ राजपुत कनिष्ठ यंत्री बालसमुद

# तहसील के सामने ही मॉडल रोड की पट्टी पर अतिक्रमण,प्रशासन गैर जिम्मेदार

गोटेगांव नगर में नगरपालिका के द्वारा अतिक्रमण की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते अतिक्रमण करने वालों के हौंसले बढ़ते ही जा रहे है। मॉडल रोड की पट्टी दोनों ओर पूरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में आ जाने से पट्टी का उपयोग आमजन नहीं कर पाते है। तहसील कार्यालय के सामने मौजूद मॉडल रोड की पट्टी पर होटल एवं दुकानदारों ने पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। वहीं कई ने गुपचुप तरीके से बिजली के कनेक्शन भी अवैध रूप से कर लिए हैं।तहसील कार्यालय के सामने पट्टी पर अतिक्रमण कर लगी दुकानों के कारण मॉडल रोड पर भी कई वाहन खड़े रहते हैं। जिसके कारण यह सड़क मार्ग उक्त हिस्से में बहुत संकीण हो जाता है। जनपद पंचायत कार्यालय के सामने वाले हिस्से में भी अतिक्रमण की बाढ़ लगी हुई है। इसी तरह मॉडल रोड परमहंसी मार्ग पर भी एक हिस्से में अतिक्रमणकारियों के कारण सड़क मार्ग बहुत संकीर्ण हो चुका है। आए दिन सड़कों पर अतिक्रमण जमाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। स्थानीय प्रशासन एवं नगरपालिका की उदासीनता के कारण हर जगह पर अतिक्रमण करने वालों के हौंसले बुलंद है।



# टावर हटाने की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया




दैनिक रणजीत टाइम्स

इंदौर। वार्ड 46 में रुस्तम के बगीचे की एक छोटी गली में एक महिला द्वारा अवैध टावर लगाए जाने से क्षेत्र के रहवासियों में रोग उत्पन्न हो गया है। अवैध टावर के विरोध में आज क्षेत्र के महिला पुरुष रहवासियों ने दीपक यादव जी के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया। और अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा गया कि अगर तीन-चार दिन में यह टावर नहीं हटाया तो रह वासियों द्वारा धरना प्रदर्शन और चक्का जाम किया जाएगा जिसकी जवाबदारी प्रशासन की रहेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से दीपक यादव जी दिनेश कछोईया लकी नानेरिया सीताराम मंडलोई प्रकाश रसीले गोलू जाटव मोतीलाल बी से पंकज कपूर संगीता कुशवाहा भारती जाटव रेनू सुनहरे सुशीला मंडलोई उषा मंडलोई गुड्डू शेरों गोरा बाई लखारे मुख्य रूप से उपस्थित थी

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

# कानून लागू करने के लिए इंदौर कलेक्टर कार्यालय पर ज्ञापन दिया गया



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

इंदौर । हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ के प्रदेश जनरल सेक्रेटरी संजय चौहान और जिला संयोजक श्रीमती धापू देवी मैं अपने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि संसद में 2014 पद विक्रेता कानून लागू किया गया था। जिसका इंदौर नगर निगम द्वारा अमल नहीं किया जा रहा है नगर निगम की पीली गैंग चाहे जब पथ विक्रेता को परेशान करती है और उनके तराजू बाट फल सब्जी जप्त कर ले जाती है। संघ द्वारा यह मांग की जाती है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी द्वारा जल्द ही 2014 कानून संपूर्ण प्रदेश में लागू किया जाए और इस कानून के तहत पत्र विक्रेताओं को अपना व्यापार करने दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से माया ताई सौरभ मालवीय लताबाई सुशीला बाई गोपी बाई मीना बाई मुख्य रूप से उपस्थित।

# आरोपी को इंदौर एयरपोर्ट पर जड़ा थप्पड़...



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शिलांग पुलिस द्वारा इंदौर एयरपोर्ट से चारों आरोपियों को 7 दिन की रिमांड पर अपने साथ ले जाया जा रहा था... इन आरोपियों को कोलकाता से होते हुए शिलॉन्ग ले जाया जाएगा... वहीं इस दौरान इंदौर एयरपोर्ट पर सुशील लखवानी नामक व्यक्ति ने एक आरोपी को थप्पड़ जड़ दिया... इस मामले का वीडियो भी वायरल हुआ... सुशील का कहना है कि मुझे इसका कोई पछतावा भी नहीं... इन लोगों ने इंदौर के एक लड़के की हत्या की है, इन्हें फांसी होना चाहिए..!

# धीमी गति से हो रहा बगतला तालाब का सौंदरीकरण का कार्य

**भारतीय जनशक्ति गोटेगांव**



नगर में संकट मोचन हनुमान मंदिर के बाजू में स्थित नगरपालिका गोटेगांव के अंतर्गत आने वाला बगतला तालाब के सौंदर्यीकरण करने के लिए करीब 70 लाख रुपए का ठेका दिया गया है।जिसका कार्य पिछले वर्ष बहुत कम ही हो पाया था। इस वर्ष भी एक माह पूर्व तालाब पर घाट निर्माण करने के साथ उसके चारो ओर तालाब में बोल्डर टोक करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत तालाब पर घाट का कार्य लगभग पूर्णतः की ओर से चल रहा है।

## बगतला तालाब में यह होना है निर्माण कार्य

इस तालाब के चहुंओर पट्टी तैयार करके आने जाने का रास्ता तैयार किया जाना है। वहीं तालाब के चहुंओर एक तरह का हिस्सा तैयार करके उस पर पिचिंग का कार्य करना है। सड़क मार्ग की ओर सीसी कांक्रीट की सीढ़ी तैयार करना है। इस कार्य के तहत तीन हिस्से में जहां पर पिचिंग का कार्य होना है वहां पर मिट्टी की फिलिंग करके तालाब की ढलान को तैयार किया गया है।

## नागरिकों का कहना नगरीय क्षेत्र में अन्य तालाब भी,उनका भी कार्यकलाप हो

नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत दो तालाब और मौजूद हैं जहां पर वर्तमान समय में किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं है। सरस्वती स्कूल के पीछे गणेश तालाब हैं। वहीं श्रीदेव मुरलीधर स्कूल के पीछे जबरआऊ तालाब है जहां पर किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण वर्तमान समय में नहीं है। यदि इन तालाबों का भी नगरपालिका सौंदर्यीकरण करने की दिशा में समुचित कदम उठाती है तो यह दोनों स्थल पर एक अच्छा भ्रमण या मनोरंजन केन्द्र बन सकता है। जिससे तालाबों का अस्तित्व भी बरकरार रह सकता है। नगरपालिका बगतला तालाब की भांति ही इन महत्वपूर्ण तालाबों को भी विकसित करने की दिशा में समुचित कदम उठाए। ताकि इन तालाबों में भी बारिश का पानी बारह माह मौजूद रह सके।

## बारिश नजदीक तेज गति से हो निर्माण कार्य

वहीं तालाब को बांधने के लिए आधे हिस्से में तालाब के निचले हिस्से में बीम का निर्माण कर दिया गया है और अब तालाब के ऊपर से नीचे तक बीम डालने का कार्य किया जा रहा है। जब पानी कम होता है तब ठेकेदार यहां पर कार्य करवाता है। इसी कारण इस तालाब के सौंदर्यीकरण करने में सबसे अधिक समय लग रहा है। बारिश नजदीक है, इसे ध्यान में रखकर ठेकेदार सौदर्यीकरण करने की दिशा में कार्य की गति बढाएं ताकि बारिश के कारण कार्य प्रभावित नहीं हो सके। इस तालाब के सौंदर्यीकरण से नगर की सुंदरता में जरूर इजाफा होगा।

# भारतीय किसान संघ द्वारा समर्थन मुल्य पर खरीदी के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

नागदा जं.। भारतीय किसान संघ द्वारा मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी नागदा को किसानो की फसलो को समर्थन मूल्य पर खरीदने तथा अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि मुंग उड़द एवं अन्य फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीदने हेतु उचित व्यवस्था की जाए एवं समर्थन मूल्य के आधार पर ही खरीदी हो। सरकार द्वारा विभिन्न फसलों के लिए समर्थन मूल्य तो घोषित किया जाता है पर समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए कोई विशेष कानून नहीं बनाया गया जिसके कारण फसलों का भाव समर्थन मूल्य से कम भाव पर कृषि उपज मंण्डीयों में किसानों को मिलता है। इसके लिए सरकार कोई ठोस कदम उठाए। अभी वर्तमान में बौनी का समय है डी.ए.पी. और 12,32,16 इफको खाद की अत्यधिक आवश्यकता रहती है। जो सहकारी समितियो एवं बाजारों में कहीं भी उपलब्ध नहीं है। खाद की आवश्यकता को देखते



हुए किसानों को अति शिघ्र खाद उपलब्ध करवाया जाए। विगत वर्षों में किसानो की फसलसल उत्पादन मे भारी नुक्सान हुआ था जिसका सर्वे भी किया गया था पर अभी तक फसल बिमा की राशी नही दी गई है जो शिघ्र किसानो को दी जाए।

नागदा एवं उन्हेल क्षेत्र के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में असमय बिजली की कटोती की जा रही है जो अतिशिघ्र बंद किया जाए एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू उपयोग में आने वाली बिजली को सुचारू रूप से संचालित किया जाए । नागदा एवं उन्हेल क्षेत्र के तालाबों को जल सर्वधन योजना के अतंर्गत गहरीकरण एवं पक्की नेहरों का निर्माण किया जाए । संघ द्वारा ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि विभिन्न समस्याओं का तुरंत निराकरण किया जाए अन्यथा भारतीय किसान संघ चरणबद्ध उग्र आंदोलन के लिए बाध्य रहेगा। इस अवसर पर संभागीय उपाध्यक्ष उदय सिंह आंजना जिला कार्यकारिणी के राजस्व प्रमुख नागेश्वर जी शर्मा जिला कार्यकारिणी सदस्य यशवंत आर्य, चंद्रभानसिंह नरूका तहसील अध्यक्ष लीलाधर पटेल मंत्री प्रकाश राठौड़ कार्यकारिणी के सदस्य रामरतन, जसवंत अंजना, प्रेमसिंह चौहान, प्रभुसिंह गुर्जर, प्रेमलाल सोलंकी, रामचंद्र सोलंकी, नगर अध्यक्ष अग्निवेश पांडे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुनि श्री को चातुर्मास हेतु श्रीफल समर्पित समर्पित किया

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

। आचार्य विद्यासागर जी एवं आचार्य समय सागर जी के शिष्य उदय नगर इंदौर में विराजमान मुनि श्री निष्पक्ष सागर जी एवं मुनि श्री निष्पृह सागर जी महाराज को मिनी बुंदेलखंड के रूप में चर्चित छत्रपति नगर में पधारने एवं इस वर्ष 2025 का चातुर्मास मिनी बुंदेलखंड के नाम से चर्चित छत्रपति नगर में स्थापित करने हेतु श्री दिगंबर जैन आदिनाथ धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट छत्रपति नगर के सर्व मान्य अध्यक्ष श्री भूपेंद्र जैन के नेतृत्व में समाज जनों ने श्रीफल समर्पित करते हुए निवेदन एवं अपनी भावना व्यक्त की।



धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस अवसर पर मुनिश्री ने कहा कि आपकी भावना गुरु भक्ति अच्छी है। इस अवसर पर छत्रपति नगर के डॉक्टर जैनेंद्र जैन, विपुल बांझल, कमल जैन, राकेश नायक, अखिलेश सोधिया, श्रुत जैन, संदीप जैन आलोक जैन एवं वीरेंद्र जैन आदि समाज जन उपस्थित थे।

# आईजा की प्रदेश कार्यकारणी में प्रदेश सलाहकार व महामंत्री की घोषणा




**दैनिक रणजीत टाइम्स**

सिरोंज। ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोशिएयन आईजा के संस्थापक एंव राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया के निर्देश अनुसार मध्यप्रदेश आईजा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी द्वारा प्रदेश कार्यकारणी का गठन करते हुए वरिष्ठ पत्रकार अभय जैन भैया को आईजा का प्रदेश सलाहकार एंव प्रदेश महामंत्री वरिष्ठ पत्रकार उमेश जैन इंदौर,प्रदेश महामंत्री वरिष्ठ पत्रकार अंकित जैन को मनोनित किया जाता है।

# सेवा भवन द्वारा सुरि ऋषभ की भावना साकार बनी

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



इंदौर । परोपकार सम्राट मोहनखेड़ा महातीर्थ विकास प्रेरक आचार्यदेव श्रीमद्विजय ऋषभचंद्र सूरीश्वरजी महाराजा साहेब की चतुर्थ पुण्यतिथी निमित्ते सुरि ऋषभ सेवा भवन उद्घाटन प्रसंगे विशाल जन मैदनी के बीच 400 परिवारों को राशन किट वितरण कि गई। परोपकार सम्राट के आज्ञानुवर्ति सप्तम वर्षीतप आराधक वरिष्ठ मुनिप्रवर श्री पीयूषचंद्र विजयजी म.साहेब की पावन प्रेरणा से एवं प्रवचनदक्ष मुनिराज श्री रजतचन्द्र विजयजी म.सा.की शुभ निश्रा में तथा अनेक गणमान्य महानुभाव लाभार्थी अतिथि की उपस्थिति में तथा अनेक श्रीसंघों की साक्षी में इंदौर की विशिष्ट हस्तियों की उपस्थिति में उक्त भव्यतम आयोजन सानंद सम्पन्न हुआ । सेवा भवन इलाके के सरपंचों द्वारा ग्रामीण लोगो को लाने का उपक्रम किया गया। जिसमें इनका सहयोग रहा। ग्राम सिंहासा के सरपंच श्री नारायणजी चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष दिलीपजी पटेल, सरपंच मुकेशजी यादव, सरपंच नारायणजी चौहान, सरपंच नवदापंथ मनोहरजी चौधरी, सरपंच तलावली जितेंद्रजी चौधरी, जनपद व मंडल अध्यक्ष रवि चौहान। सेवा भवन ट्रस्ट मंडल द्वारा सभी महानुभावों का स्वागत बहुमान किया गया। लाभार्थी परिवार एवं अतिथियों ने अपने हाथों से खचाखच भरे हुए उपस्थित ग्रामीणों को राशन की किट वितरण की। इस मौके पर मुनिराज श्री रजतचंद्र विजयजी महाराज साहेब ने सभी को सप्त व्यसन त्याग करने की प्रेरणा दी। सादा जीवन अच्छा जीवन जीने की राह बताई। पूज्य गुरुदेवश्री ऋषभचंद्र सूरीश्वरजी म. साहेब किस तरह से अभावग्रस्त लोगों की सेवा करते थे, वह प्रसंग बताएं जिसे सुनकर सभी की आंखें नम हुई। इंदौर सनातन धर्म के प्रमुख संतों में से एक राधे राधे बाबा ने पधारकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। भवन निर्माण करने वाले ठेकेदार अभयजी जैन का बहुमन रजत कलश से किया गया। सूरि ऋषभ चतुर्थ पुण्यतिथि निमित्ते राशन किट लाभार्थी श्वेताबेन नरेशजी भंडारी उज्जैन, नव्या नवयं मयुरि मोनु महेता खाचरौद, आर्यन जैन खापोली, अशोकजी भंसाली वागोडा ( ट्रस्टी गुरुधाम तीर्थ दहाणु ) मुंबई, मोनिका बेन निलेशजी जैन नागोठाणा/ नवी मुंबई, कमलेश जयचंदजी जैन नागोठाणा, प्रमिला बेन राजकुमार जी चौधरी, अमरिश जी सराफ भिवंडी/ गुडा,एम.के.शाह परिवार बिजोवा/ मुंबईपोमावा (राज.) निवासी बदाम बाई, फुटरमाल जी मेहता हस्ते दमयंती



बेन जोगेश्वरी मुंबई सहयोगी महिपाल जी जैन (ट्रस्टी गुरुधाम तीर्थ दहाणु ) मुंबई, पारसजी सागरमल जी गादिया उज्जैन, रितेश जी हर्निया, उज्जैन,अंजु बी.सुराणा उज्जैन,जैकी भाई जैन मुंबई।

# एक कदम जीवन की ओर..



दैनिक रणजीत टाइम्स

इंदौर। श्री इंदौर जिला माहेश्वरी युवा संगठन, श्री माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र की सहयोगी संस्था श्री माहेश्वरी युवा संगठन पूर्वी क्षेत्र, बांगड़ मेडिकल वेलफेयर सोसायटी एवं मेडीकेयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन गीता भवन मंदिर पर संपन्न हुआ।

पूर्वी युवा संगठन के अध्यक्ष मधुरम् राठी एवं मंत्री अरविन्द करनाणी ने बताया कि उक्त आयोजन में लोगों ने सेवा भाव से रक्तदान किया। प्रकाश लखोटिया और राम सोमानी ने बताया कि इमरजेंसी में किसी को भी रक्त की जरूरत पड़ने पर शिविर में किया गया रक्तदान, ब्लड बैंक के माध्यम से जरूरतमंद को मिल जाता है एवं जाने-अनजाने ही हम किसी की जान बचाने में सहयोगी हो जाते है। प्रदीप इनानी एवं महेश कुमार लढ़ा ने बताया की मानव सेवा के लिए किया गया रक्तदान एक महादान है। उक्त शिविर में सुमित होलानी, खुशबू राठी, सीए गौरव माहेश्वरी, राकेश लखोटिया, रामकिशोर राठी, राजेंद्र माहेश्वरी, विनीता सोमानी, राजेश डागा, भारत सारडा, डॉ. राजेंद्र लाहोटी, मुकेश असावा, प्रशांत बिहानी, अमरचंद सोनी, श्याम मुंदड़ा आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। अन्त में सुयश साबू ने कार्यक्रम में पधारें सभी समाजजनों का आभार माना।

# खेत मे मिली लाश,, हत्या की आशंका,, पुलिस जुट जाँच में

दैनिक रणजीत टाइम्स



खेतिया। कल शाम से ज्ञानसिंह का बेटा गंगाराम जो खेत पर काम करता है,कल 4 बजे से घर से गया था जब सुबह तक नही लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश की पता चला खेतिया पाटी मार्ग पर बालाजी कॉटन के सामने खेत मे उसकी लाश पड़ी है,परिजनोंकी सूचना पुलिस को मिली पुलिस टीम तत्काल वहा पहुंची ,पुलिस फोरेंसिक टीम बुलाई गई। परिजनों ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसकी मारपीट कर हत्या कर दी गयी है। पुलिस थाना खेतिया के नगर निरीक्षक सुरेंद्र कनेश ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार वाहन ने विकास की जीवन लीला समाप्त की

दैनिक रणजीत टाइम्स

राणापुर से झाबुआ की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर पाडलवा के करीब दो पहिया ओर चार पहिया वाहन टकराने से 23 वर्षीय विकास की मौत हो गई,पीछे बैठा विजय मामूली चोट से चिकित्सालय में उपचार ले रहा हे। राणापुर विकास खंड के ग्राम छागोला निवासी कांतू सिंघाड का 23 वर्षीय पुत्र विकास ओर अपने साथी विजय के साथ दो पहिया वाहन पर सुसराल पीपड़ीपाड़ा जा रहा था । झाबुआ की ओर से आ रहे चार पहिया छोटे वाहन क्रमांक GJ 06 PM 8951 से विकास के वाहन के बीच इतनी भयानक टक्कर हुई कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए ओर विकास ने मौके पर ही दम तोड़ दिया वहीं पीछे बैठा विजय मामूली चोट आने से अस्पताल में भर्ती हे। परिवार जनों से चर्चा के आधार पर विकास विवाहित होने के साथ दो नन्हे बच्चों के पिता भी हे। मौके पर टी आई दिनेश रावत की टीम ने पहुंचकर मानवीयता का परिचय देते हुए तत्काल बाड़ी को पी एम रूम पहुंचाया वहीं क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को थाने पर ला खड़ा किया। थाने पर अपराध क्रमांक 246 पर धारा 106,281,125 ए _बी एन एस, 184 एम बी एक्स के तहत मर्ज कायम किया गया। मौके पर प्रधान आरक्षक राजू चौहान और भेरूसिंह आनारे ने अपनी अहम भूमिका का निर्वाह किया।

# कैबिनेट मंत्री सुश्री भूरिया के विशेष प्रयास से जिला झाबुआ को मिली सौगात

## 50 सीटर वर्किंग वूमेन हॉस्टल की स्वीकृति कैबिनेट में मंजूर

दैनिक रणजीत टाइम्स



झाबुआ । कैबिनेट बैठक में फैसला करते हुए कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए झाबुआ शहर में कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया के प्रयासो से हॉस्टल बनाये जाने की स्वीकृति प्राप्त हो गयी है। कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया के प्रयासों से मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित "सखी निवास" सुविधा के तहत जिले की कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध होगी। 50 सीटर वर्किंग वूमेन हॉस्टल हेतु तीन मंजिला भवन का निर्माण जिले में लगभग 664 लाख रु. लागत से बनाया जाएगा जिसमें महिलाओं के लिए सिंगल, डबल एवं ट्रिपल शेयरिंग एसी/नॉन एसी कमरों की व्यवस्था, मेस व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, चौकीदार, स्पोर्ट्स और पार्किंग व्यवस्था भी रहेगी। कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री भूरिया ने कहा कि जिले में कामकाजी महिलाओं के रहने के लिए सर्वसुविधायुक्त हॉस्टल का निर्माण आज के समय की आवश्यकता है। हॉस्टल के माध्यम से जिले में आने वाली वर्किंग वूमेन को समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा साथ ही सुरक्षित एवं पारिवारिक माहौल की उपलब्धता रहेगी जो सखी-निवास नाम से ही स्पष्ट है। कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि यह जिले के लिए उपलब्धि है कि सखी-निवास की स्वीकृति प्राप्त हुई है। झाबुआ में सखी निवास के निर्माण के लिए शहर में सुरक्षित स्थल पर भूमि आवंटन की कार्यवाही की जा चुकी है।उन्होंने बताया कि ग्राम/कस्बा रतनपुरा तहसील झाबुआ प.ह.नं. 53 स्थित शासकीय भूमि सर्वे नं. क्रमशः 2,4 रकबा क्रमशः 0.30, 0.43 हेक्टेयर कुल रकबा 0.73 हेक्टेयर मद ना.का.का. की भूमि में से रकबा 0.50 हेक्टेयर भूमि वुमन वर्किंग हॉस्टल निर्माण हेतु आवंटित की गई हैं।

# प्रदेश मिडिया प्रभारी एवं सह मिडिया प्रभारीयो की वर्चुअल बैठक सम्पन्न

दैनिक रणजीत टाइम्स

झाबुआ। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मीडिया विभाग की वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय विष्णुदत्त जी शर्मा एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष उषा जी अग्रवाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

माननीय प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी महोदय ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र जी मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विकसित भारत का अमृतकाल- सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर आने वाले कार्यक्रमो पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए

# चीलर डेम पर तैराकी प्रशिक्षण का आयोजन



दैनिक रणजीत टाइम्स

शाजापुर। बाढ़ आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारी के लिए शाजापुर चीलर डेम पर 03 दिवसीय तैराकी प्रशिक्षण प्लाटून कमाण्डर श्री कमलेश सिंह हाड़ा एवं सुश्री नम्रता सरावत द्वारा चलाया जा रहा है। जिसमें बाढ़ आपदा प्रबंधन कार्य में लगे एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड जवानों को संयुक्त रूप से विभिन्न तैराकी विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण मध्यप्रदेश डायरेक्टर जनरल होमगार्ड तथा आपदा प्रबंधन म.प्र. व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना तथा डिवीजनल कमाण्डेन्ट होमगार्ड उज्जैन के आदेशानुसार आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड श्री विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में दिया जा रहा है।

डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड श्री विक्रम सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान बाढ़ बचाव कार्य के लिए बोट चालन, टोईंग मेथड (चीन टो, हेड टो इत्यादि), ब्रीथिंग एक्सरसाईज आदि का अभ्यास कराया जा रहा है। साथ ही रेस्क्यू के दौरान नाव पलटने से हुई दुर्घटनाओं से निपटने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लाईफ बॉय, लाईफ जैकेट एवं रस्से का उपयोग करते हुए बाढ़ के दौरान डूब क्षेत्र में फंसे लोगों को कैसे बचाया जा सकता है, इसका प्रशिक्षण एवं डूब क्षेत्रों में इम्प्रवाईस मेथड द्वारा बचाव साधन कैसे तैयार किये जा सकते है का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सुबह के समय में अण्डर वाटर रेस्क्यू की मैथर्डस का प्रशिक्षण चीलर डेम पर एवं सायंकालीन समय में ड्राय रेस्क्यू मैथर्ड का प्रशिक्षण होमगार्ड लाईन में चल रहा हैं। उन्होंने बताया कि आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ आपदा प्रबंधन के लिए जिले में विभिन्न डीआरसी, क्यूआरटी एवं ईओसी स्थापित किया जाना है, जिसमें सम्मिलित किये जाने वाले 30 जवानों को रेस्क्यू के दौरान विक्टीम को सीपीआर देना, कैरी मेथड, प्राथमिक उपचार देना तथा रेस्क्यू में उपयोग होने वाले उपकरणों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही कर दुर्घटना के समय लोगों को बिना जान-माल की हानि बचाया जा सके।

# पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई आयोजित की गई

## प्रबंधन ने कहा-इकाई से प्रदूषण की संभावना नही,स्थानीय को मिलेगा लाभ

**जेडब्ल्यूएस प्राइवेट लिमिटेड**
**दैनिक रणजीत टाइम्स**







मेघनगर । सोमवार को मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा मेसर्स एस.एम.ओ. फेरो अलॉय प्रा.लि. के फेरो अलॉय प्लांट विस्तार से लेकर कई नवीन उद्योग हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई का आयोजन किया गया था। व्यापक प्रचार-प्रसार ना होने के चलते लोक सुनवाई अपने तय समय से दो घंटे देरी से शुरू हुई। लोक सुनवाई में भारत सरकार के नोडल और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इंदौर के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी मौजूद रहे।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) की ओर से लोक सुनवाई की घोषणा के बाद एस.एम.ओ. फेरो के कंसलटेंट अनुराग त्रिपाठी ने पावर पाइंट - प्रेजेंटेशन के माध्यम से कारखाना विस्तार को लेकर जानकारी दी। इस दौरान शहर के लोगों ने औद्योगिक इकाईयों द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण को लेकर पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी और जिला प्रशासन के जिम्मेदार अफसरों को मंच पर मौजूद एसडीएम के सामने जमकर खरी खोटी सुनाते हुए गंभीर आरोप लगाए। क्षेत्रीय अधिकारी श्री द्विवेदी ने कहा कि उनके क्षेत्राधिकार में 8 जिले आते हैं किंतु सर्वाधिक प्रदूषण की शिकायत और समस्या - मेघनगर से आ रहे है, जिसके चलते वे यहां विशेष रूचि लेकर माह में दो बार दौरा कर कारखाना संचालकों को सख्ती से नियमों का पालन करवाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग के पूर्ववर्ती जिम्मेदारों के इतर उन्होंने यहां जनवरी 2025 में चार्ज लिया है।

### मेघनगर औद्योगिक क्षेत्र के लोक सुनवाई में जनता ने रखा पक्ष

एस.एम.ओ. फेरो अलॉय प्रा. लि. के कार्य विस्तार को लेकर आयोजित लोक सुनवाई के दौरान रहवासियों ने पूर्ववर्ती केमिकल कारखानों के चलते हो रहे जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण और भूमि प्रदूषण के चलते अधिकांश लोगों ने प्रदूषण फैलाने वाले किसी भी उद्योग को अनुमति न दिए जाने की बात कहीं। किसानों की संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति मेघनगर के अध्यक्ष और अगराल के किसान दिनेष पाटीदार ने कहा कि 1984 में सरकार ने औद्योगिक विकास के नाम पर किसानों से उनकी खेती की जमीन ले ली और अब उद्योग के नाम पर उनकी हवा, पानी, जमीन को खराब कर दिया। औद्योगिक प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव के कारण ना सिर्फ पर्यावरण को नुकसान हो रहा है बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकुल असर पड़ रहा है। उन्होंने रोजगार आधारित उद्योगों को स्वागत करने और प्रदुषण फैलाने वाले उद्योग पर आपत्ति दर्ज कराई। पर्यावरणवीद नीरज श्रीवास्वत ने कहा कि प्रदुषण विभाग के पास मेघनगर में वायु प्रदुषण नापने की कोई प्रणाली ही नहीं है। यहां पीसीबी को कोई स्थाई अधिकारी कर्मचारी भी तैनात नहीं है जो कथित कारखानों द्वारा फैलाये जा रहे प्रदुषण पर नियमित निगरानी रख सके ऐसे में कैसे प्रदुषण नियंत्रित होगा। कुछ कारखाना संचालक अपनी मर्जी से कभी दिन तो कभी रात में अपने कारखानों से इतना धुआ और गैस छोड़ते है जिससे कभी-कभी तो औद्योगिक क्षेत्र के मध्य से जा रहे रतलाम-झाबुआ स्टेट हाईवे पर दिन में वाहनों चालकों को हेड लाईट जला कर निकलना पडता है। अरुण ओहरी ने लोक सुनवाई में संबंधित कारखाने में काम करने वाली अधिकांष अषिक्षित आदिवासी वर्ग की महिलाओं को जनता के रूप में प्रस्तुत करने पर आपत्ति ली। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण की तमाम शिकायतों के बाद भी पीसीबी और जिला प्रशासन द्वारा संबंधित कारखानों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती जिससे क्षेत्र का भूजल भी खराब हो चुका है।

केमिकल और फर्टिलाइजर कारखानों को नियमों का पालन न करने पर सतत नोटिस दे कर उनके फैलाए जा रहे प्रदूषण की रोकथाम हेतु निर्देशित किया जा रहा है। द्विवेदी ने बताया कि मेघनगर में ट्रेंट केमिकल प्राईवेट लिमिटेड, राठौर फार्मा जैसे कारखानों को क्लोजर नोटिस जारी किये जा चुके हैं, कुछ और कारखानों को क्लोजर दिए जाने की प्रक्रिया जारी है जिसमें ब्रोमोस केमिकल प्रा.लिमीटेड शामिल है। ध्वनि प्रदूषण के लिए कृष्णा फास्टेक का दौरा किया है उसे सुधारने के लिए कहा गया है। केमिकल कारखानों में विनी इंडस्ट्री, सिद्धि विनायक केमिकल, अंकिता जैसे कई कारखानों को इंदौर और भोपाल स्तर पर नोटिस जारी किये हैं, यदि इन कारखानों द्वारा जन भावना के साथ खिलवाड़ करना बंद नहीं किया तो उनके खिलाफ क्रिमिनल केस दायर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और एसडीएम भी पब्लिक न्यूसेंस के तहत प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही करे इसके लिए वे संभाग आयुक्त और कलेक्टर से भी चर्चा करेंगे। द्विवेदी ने अपने मोबाईल नंबर सार्वजनिक कर लोगों से सहयोग की अपील की, उन्होंने कहा कि किसी कारखाने को बंद करना अंतिम विकल्प होता है। सरकार की नीति और तय मापदंड के अनुसार उद्योगपतियों को अपने कारखाना संचालित कराना चाहिए। किसानों की बात से इत्तेफाक रखते हुए उन्होंने कहा कि वे स्वयं एक किसान परिवार से आते हैं ऐसे में किसानों की तकलीफ समझ सकते है, प्रदूषण नियंत्रण करने के लिए सख्ती से कार्यवाही का भरोसा उन्होंने मौजूद लोगों को दिलाया।

लाल पानी लेकर पहुंचे-मौका एस.एम.ओ. फेरो अलॉय के कार्य विस्तार और नवीन इकाईयों की स्थापना की पर्यावरणीय स्वीकृक्ति हेतु दावे/आपत्ति और सुझाव को था किंतु लोगों में प्रदूषण को लेकर इतना गुस्सा था कि वे अपनी बात को संबंधित विभाग के जिम्मेदार के सामने रखना चाहते थे। नगर के वेद प्रकाश बसेर अपने साथ लाल पानी से भरी बाल्टी लेकर पहुंचे, ये पानी तारकेश्वर महादेव मंदिर के बोरिंग का है। बसेर ने कहा कि विभागीय अधिकारियों के संज्ञान में सारी जानकारी होने के बाद कार्रवाई में देरी क्यों हो रही है। इस पर क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी ने नियमों का हवाला दिया और नोटिस पर सुधार ना होने पर कार्यवाही की बात कहीं। नगर के मनीष नाहटा ने कंपनी द्वारा प्रस्तुत प्रजेंन्टेषन में अपर्याप्त पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन की बात कहते हुए विस्तार पर आपत्ति दर्ज कराई। कंपनी के प्रस्तावित 300 प्रतिशत उत्पादन वृद्धि में ईकएआई रिपोर्ट में समुचित विश्लेषण नहीं किया। स्थानीय रोजगार पर भी बात रखते हुए पूर्व पार्षद अनुप भंडारी द्वारा नविन इकाइयो मे स्थानीय कर्मचारियों को रोजगार मिले इस और ध्यान केंद्रित किया

### लोक संवाद के अंत एक ज्वलित समस्या अधिकारी के समक्ष

अभिभाषक जयेश झामर द्वारा रखी गई जिसमे बताया गया थांदला-झाबुआ हाइवे मार्ग पर मध्य भारत फेक्ट्री के मुख्य मार्ग के सामने से लगभग लंबी दूरी तक फेक्ट्री का अपयिष्ठ प्रदार्थ यहा से निकलने वाले लोडिंग वाहनों से सड़को पर बिखरता है जिससे आये दिन राहगीरों एवं गुजरने वाले वाहनों को दुर्घटना भय रहता है जिस पर प्रदूषण अधिकारी द्वारा मोके पर पहुँच कर मध्य भारत प्रभारी को चेतावनी दे कर तीन दिवस का समय दिया और उचित व्यवस्था का हवाला देते हुए भविष्य मे मार्ग पर स्वछता बनाये रखने का मौखिक आदेश दिया।

---

## जनसुनवाई में 152 आवेदन प्राप्त

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाजापुर। मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आज संपन्न हुई जनसुनवाई में 152 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने की। इस दौरान



जिला पंचायत सीईओ श्री संतोष टैगोर, अपर कलेक्टर श्री बीएस सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे ने भी जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## तीन स्वसहायता समूह उपार्जन कार्य से प्रतिबंधित

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाजापुर। रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 में उपार्जन नीति एवं दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने पर जिले के 03 स्वसहायता समूहों को उपार्जन कार्य से प्रतिबंधित किया गया है। इसके साथ ही शासन एवं अन्य किसी योजनाओं का लाभ दिये जाने से भी वंचित किया गया हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी सुश्री अंजु मरावी ने बताया कि रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 में गुलाना तहसील के श्री शक्ति ग्राम संगठन (CLF) स्वसहायता समूह किलोदा, शुजालपुर तहसील के रूचि स्वसहायता समूह भीलखेडा एवं कालापीपल तहसील के भगवती अजीविका स्वसहायता समूह बिसनखेडी द्वारा गेहू उपार्जन का कार्य किया गया। किन्तु उपार्जन कार्य के दौरान उक्त समूहों के अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा म.प्र. शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल द्वारा जारी उपार्जन नीति एवं दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किये जाने के कारण उक्त समूहों को भविष्य में उपार्जन कार्य से प्रतिबंधित करते हुए शासन एवं अन्य किसी योजना का लाभ दिये जाने से वंचित किया गया हैं।

# "भारत के बेटे ने रचा इतिहास – अमेरिका से मिला डायबिटीज़ रिसर्च में सर्वोच्च सम्मान"

**डॉ. भरत साबू को 'इयरली करियर Abstract अवार्ड 2025' से सम्मानित भारत के पहले चिकित्सक बने जिन्हें यह वैश्विक सम्मान मिला**

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

इंदौर। भारत के लिए यह गर्व का क्षण है, जब विज्ञान, संवेदना और तकनीक के संगम से निकले एक विचार ने अमेरिका में भारत का नाम रोशन किया है। प्रयास डायबिटीज सेंटर के निदेशक और डायबेटोलॉजिस्ट डॉ. भरत साबू को अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन (ADA) द्वारा 'इयरली करियर Abstract अवार्ड 2025' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें उनके अभिनव शोध कार्य "Mitraa – एक GPT आधारित संवादात्मक AI मॉडल जो डायबिटीज़ रोगियों को आत्म-प्रबंधन और शिक्षा में सहायता करता है" पर प्रदान किया गया। इस उपलब्धि के साथ डॉ. भरत साबू भारत के पहले चिकित्सक बन गए हैं, जिन्हें इस श्रेणी में यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है।


डॉ भरत साबू

Mitraa – 15 भाषाओं में मरीजों का सच्चा साथी:

'Mitraa' कोई आम ऐप नहीं, बल्कि एक ऐसा GPT आधारित संवादात्मक मॉडल है, जो दुनिया की 15 भाषाओं में मरीजों से संवाद कर सकता है। यह रोगियों को उनकी अपनी मातृभाषा में सलाह, शिक्षा और मानसिक समर्थन देता है – जिससे हर वर्ग, हर क्षेत्र, और हर संस्कृति का मरीज खुद को जुड़ा हुआ महसूस करता है। यह तकनीक विशेष रूप से उन लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है जिन्हें अंग्रेज़ी या तकनीकी भाषा की वजह से स्वास्थ्य जानकारी तक पहुँचने में कठिनाई होती थी। अब भाषा नहीं बनेगी इलाज में बाधा – Mitraa ने यह साबित कर दिया है।डॉ. भरत साबू का कहना है - "मेरे लिए यह सम्मान एक तकनीकी उपलब्धि से कहीं अधिक है। यह मेरी उस भावना का सम्मान है, जहाँ मैं चाहता हूँ कि कोई भी मरीज खुद को अकेला न महसूस करे। अगर तकनीक को हम मानवता से जोड़ दें, तो वह चमत्कार कर सकती है – और Mitraa उसी का उदाहरण है।"

शिकागो में बजा भारत का डंका:

यह पुरस्कार उन्हें शिकागो, अमेरिका में 20 से 23 जून, 2025 तक आयोजित 85वीं साइंटिफिकसेशंस के दौरान प्रदान किया जाएगा। यह वही मंच है, जहाँ दुनिया भर के चिकित्सक, वैज्ञानिक और नीति निर्माता एकत्र होते हैं और जहां भारत की यह आवाज, तकनीक के माध्यम से विश्व पटल पर गूंजेगी।

एक प्रेरणा युवा चिकित्सकों के लिए:

डॉ. साबू की यह सफलता देश के उन तमाम युवा डॉक्टरों और रिसर्चरों के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों में भी वैश्विक सोच रखते हैं। यह पुरस्कार दिखाता है कि भारत में मौजूद प्रतिभा, नवाचार और मानवीय दृष्टिकोण को दुनिया अब गंभीरता से सुन रही है।

## हार्दिक श्रद्धांजलि



हमारी पूज्य मावशी स्व .पंचफुला बाई पडोळे का दिनांक 10 जून 2025 को दु:खद निधन हो गया। उनके प्रेम, त्याग और संस्कारों की अमूल्य धरोहर हमें सदा प्रेरणा देती रहेगी। उनकी सादगी, ममता और मुस्कान की स्मृति हमारे दिलों में अमिट रहेगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिरशांति प्रदान करें।

**ॐ शांति**

**शोकाकुल : गावंडे परिवार, इंदौर , पडोळे परिवार**

# जनसुनवाई के दौरान जमीन पर लौटते पहुंचा किसान

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

बड़वानी। बडवानी में जनसुनवाई के दौरान ठीकरी तहसील के ग्राम कुँआ के किसान महादेव पाटीदार अपना शर्ट निकाल कर जमीन पर लौटते हुए डिप्टी कलेक्टर शक्ति सिंह चौहान को आवेदन दिया बताया कि पिछले वर्ष अनाज व्यापारी उज्वल उर्फ विक्की जैन 180 क्विंटल डॉलर चना दिया था जिसकी कीमत तकरीबन 20 लख रुपए है वहीं व्यापारी ने अब तक 1 भी नहीं चुकाया किसान महादेव पाटीदार ने बताया कि मुझे मेरा पैसा दिलाने के लिए इस सम्बंध में 25 से अधिक आवेदन दिए हैं पुलिस ने एक बार व्यापारी को पकड़ा भी लेकिन उसे पर कार्यवाही नहीं हुई । किसान का कहना है कि 16 जून तक व्यापारी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वह कलेक्टर कार्यालय में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे उन्होंने कहा कि अगर भूख हड़ताल के दौरान उन्हें कुछ होता है तो इसका जिम्मेदार कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक होंगे,किसान पहले भी हड़ताल कर चुका है।



# नशामुक्ति हेतु जागरूकता के लिए नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताकर शपथ दिलाई गई

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

पेटलावद।सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्रदेश में संचालित नशामुक्त भारत अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर (01 जून से 26 जून 2025 तक) कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में एवं उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग श्री पंकज सांवले के मार्गदर्शन में जिला झाबुआ में नशामुक्ति हेतु जागरूकता कार्यक्रमों/ गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में जनपद पंचायत पेटलावद के सभागार में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में समझाइश दी गयी एवं ग्राम पंचायत में ग्रामीण जनता को जागरूक करने हेतु नशामुक्ति की शपथ दिलवाई गई।



# कुक्षी तरुण परिषद का हुआ गठन

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



कुक्षी । पुण्य सम्राट गुरुदेव श्री जयन्तसेन सुरिश्वर जी म सा द्वारा सन 1999 मे स्थापित अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन तरुण परिषद का वर्ष 2024 मे पुण्य सम्राट की जन्म भुमी पेपराल तीर्थ मे वर्तमान गच्छाधिपती हृदय सम्राट श्रीमद विजय नित्यसेन सुरिश्वर जी म सा की निश्रा मे रजत महोत्सव बनाया गया। वर्तमान मे राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य जी धोका के नेतृत्व मे चल रही है। कुक्षी जी तीर्थ मे सोमवार को जैन श्री संघ अध्यक्ष मनोहरलाल जी पुराणिक, जैन श्री संघ कोषाध्यक्ष अनिल जी साहेब नवयुवक परिषद के अध्यक्ष रुपेश जी जैन व समाज के अन्य सदस्यों की मौजूदगी मे पुनः कुक्षी शाखा की तरुण परिषद का पुनः गठन किया गया जिसमे सर्वसहमति से तरुण परिषद का अध्यक्ष हैप्पी रुपेश जी, उपाध्यक्ष आगम सचिन जी, कोषाध्यक्ष आरित प्रियंकेश जी, महा मंत्री अथर्व अंकित जी, मंत्री वेलीन नितिन जी, सचिव योरित अश्विन जी, व्यावच्च मंत्री कलश रजत जी, प्रचार मंत्री सोनित बिट्टू जी, सदस्य वीर स्वप्नल जी, व मुमुक्षु आशीष जी, कुश प्रखर जी, को मनोनीत किया गया। परिषद गठन का संचालक स्वस्तिक जैन ने किया। सभी नविन पदाधिकारी व सदस्यों को समाज जनो ने बधाई व शुभकामनायें दी।

# श्री आल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस नई दिल्ली की आत्म ध्यान राष्ट्रीय योजना के संदीप रांका राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोनी

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

जावरा । परिवार द्वारा दिए गयें सेवा समर्पण त्याग की राह पर चलने के संस्कार को गुरु के मार्गदर्शन में गुरु के आर्शीवाद से सेवा करने का जो अवसर मिलता है वह हमारे लिये गोरव की बात होतीं हैं । उक्त बात को सार्थक करते हुए श्री आल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस नई दिल्ली की आत्म ध्यान राष्ट्रीय योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि कुमार कर्नावट द्वारा संदीप रांका जावरा को राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोनीत किया हैं साथ ही जैन कांफ्रेंस मध्यप्रदेश के अध्यक्ष हुलास बैताला द्वारा गुरु संदीप रांका जैन कांफ्रेंस म प्र के वरिष्ठ मार्गदर्शक पर मनोनीत किया है हाल ही में लायंस क्लब जावरा के वर्ष 2025-2026 के लिए संदीप रांका को सह सचिव मनोनीत किया गया है श्री रांका वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के मीडिया प्रभारी के साथ विभिन्न संस्थाओं में सक्रिय रुप से कार्य कर रहे हैं श्री रांका पूर्व में भी जैन कांफ्रेंस में राष्ट्रीय संगठन मंत्री, राष्ट्रीय मंत्री के साथ विभिन्न पदों पर कार्य किया हैं श्री रांका पुज्य गुरुदेव दिवाकर श्री चोथमल जी म सा के प्रति अधात श्रद्धा के साथ श्रमण संघीय जैन दिवाकरीय साधु संतो की सेवा मैं भी अग्रणी हैं उक्त जानकारी श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ जावरा के पुर्व अध्यक्ष बंसतीलाल चपडोद सुजानमल कोच्चटा शेखर नाहर द्वारा देते हुए बताया कि जावरा श्री संघ के लिये गौरवान्वित करने पर श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ जावरा के साथियों द्वारा बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।





# राजस्थान और भारत की मूल कला संस्कृति के संवर्धन पर चर्चा

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

जयपुर । "जयपुर के चर्चित संस्कृत कर्मी,रंगकर्मी व शास्त्रीय संगीत एवम नाट्य के शोधकर्ता जीतेन्द्र शर्मा संस्थापक शुभ विचार संस्था ने दिल्ली में भारत सरकार के कला, संस्कृति एवम पर्यटन मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भेंट की । भेट में संस्कृति मंत्री से भारत की मूल और राजस्थान प्रदेश की लोक कला संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन पर चर्चा हुई। शेखावत ने कहा कि मोदी सरकार भारत की संस्कृति को समर्पित सरकार है सरकार को इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करने है।मंत्रालय भारत की मूल संस्कृति के विकास हेतु योजना बनाकर कार्य करेंगा ।इसयोजना मे देश की प्रमुख संस्था शुभविचार संस्था जयपुर सहित संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही संस्थाओ की भागीदारी आवश्यक है ।" "इस दौरान शोधार्थी शर्मा ने नाट्यशास्त्र में वर्णित भारत के शास्त्रीय नाट्य को लेंकर स्वयं द्वारा संगीत विभाग राजस्थान विश्वविद्यालय से किये जा रहे महत्वपूर्ण शोध कार्य 'शास्त्रीय संगीत





एवम शास्त्रीय नाट्य ' के बारे में भी शेखवात को बताया,

शर्मा ने राजस्थान सहित पूरे भारत में कला संस्कृति के क्षेत्र में शुभ विचार संस्था जयपुर द्वारा निरंतर कीये जा रही गतिविधियों के बारे में बताते हुए कहा कि शुभ विचार संस्था भारत की कला संस्कृति की सेवा में 15 वर्ष से कार्य कर रही है। और अब तक 5000 से अधिक युवा कला साधको को मंच दे कर उनकी कला को प्रोत्साहित कर चुकी है। वर्तमान में संस्था युवा रनगकर्मीयो में भरत मुनि के नाट्यशास्त्र परम्परा लोकप्रिय बनाने के लिए कार्य कर रही है।" शर्मा ने संस्कृति मंत्री से को कहा की भारत की मूल संस्कृति के संरक्षण व उसे बढ़ाने प्रचार प्रसार करने के हेतु संस्कृति मंत्रालय में वे अपना संगीत नाटक साहित्य के दो दशक के अनुभव के आधार पर निःशुल्क सेवा देने लिय तैयार हैं । जिसे सुनकर मंत्री जी प्रसन्न हो कर सेवा देने का अवसर देने का आश्वासन दिया ।

ग़ौरतलब है की जीतेंद्र शर्मा संस्कृति संगीत नाटक टीवी के क्षेत्र में दो दशक से अभिनय लेखन निर्देशन एवम आयोजन कर्ता के रूप सक्रिय रह कर भारत एवम विदेशों में कार्य कर रहे हैं जीतेन्द्र भारत की मूल सनातन संस्कृति धर्म और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये कार्य कर रहे हैं ।और गोवा सरकार से कला साहित्य संस्कृति के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ संस्था का पुरस्कार प्राप्त करने वाले भारत के प्रमुख एनजीओ शुभ विचार संस्था के संस्थापक है ।

**जीतेन्द्र शर्मा**
**कला साधक (संगीत नाटक)**
**संस्थापक शुभ विचार जयपुर शोधार्थी**
**संगीत नाटक संगीत विभाग राजस्थान**
**विश्वविद्यालय जयपुर**

## ..वा वो कुल कलंकिनी , पापिन , हत्यारिन सोनम...अपने ही पति को खाई में धकेलते वक्त तेरी आंखें क्यों न हुई नम...

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

.....वा वो कुल कलंकिनी , पापिन , हत्यारिन सोनम...अपने ही पति को खाई में धकेलते वक्त तेरी आंखें क्यों न हुई नम...तेरे निष्ठुर इरादों और दुष्ट आचरणों को इसका कतई नहीं है गम...तू कुंठित प्रेमाजाल की फुलझड़ी नहीं तू तो है विकृत मानसिकता का बम...परत - दर - परत तेरे कारनामें उजागर हो रहे हैं...तेरे साथ इस जघन्य काण्ड में और कितने सौदागर हो रहे हैं...तेरे परिवार को अब भी तेरी हरकत ऐसी होगी इस बात का भरोसा नहीं है...उनकी दृष्टि में तेरे जैसी सती सावित्री ने राजा का मांस चील कौवों को परोसा नहीं है...तेरे से कम उम्र के तेरे ही व्यापार के नौकर को तेरे हुस्न का राज पाट सौंप रही थी...राज से अंतरंग दोस्ती को प्यार का घृणित नाम देकर राजा के सीने में कटार घोंप रही थी...सुन बदचलन लड़की ये इंदौर जो तेरे न मिलने पर संवेदना व्यक्त कर आंसू बहा रहा था...वो अब तेरी शक्ल भी नहीं देखना चाहता ऐसा संवाद अब यहां का बच्चा बच्चा सुना रहा था...जो सहानुभूति तेरे न मिलने पर तूने सत्ता से लगाकर जनता तक की बटोरी थी...वो पल भर में नेस्तनाबूत होकर घृणा में बदल गई है जब सुना राजा हत्याकांड में सोनम नाम की छोरी थी...इस शहर और समूचे मालवा के संस्कारों को धक्का लगा तेरी हरकत से...तुझको भी ऐसी कठोर सजा उसी खाई में मिले ये मांग करते हम कुदरत से...सडेले चेहरे को तेरी सडेली काया मिल जाती...तेरे माँ - बाप को तेरे इश्क़ की थोड़ी बात तो बताती...एक जिन्दगी को तू खिलौना बनाकर खेलती रही... तेरी कपटी कुंठित धारणा को नए रिश्ते की डोर झेलती रही...षड्यंत्र तो तूने ऐसा रचा जैसे तू कोई परिपक्व अपराधी है...दिमाग के भयंकर कुटिल और शक्ल से लगती सीधी साधी है...बस तेरे उदाहरण को देकर लोग कहीं आगे परिणय प्रसंग बदनाम न कर दे...तेरे जैसे प्रकरणों से सीख लेकर नए रिश्तों पर शक का जहर न भर दे...



## उज्जैन पुलिस की अगुवाई में 26 ब्लैक स्पॉट्स पर संयुक्त निरीक्षण, सुधार कार्य त्वरित प्रारंभ

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

उज्जैन । पुलिस अधीक्षक उज्जैन के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) मयूर खंडेलवाल द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक ठोस एवं संगठित पहल की गई है। उज्जैन जिले के तीन प्रमुख अनुविभाग – बड़नगर, खाचरोद और नागदा – के अंतर्गत आने वाले कुल 26 ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित कर उन पर त्वरित कार्रवाई की गई है। ये वे स्थल हैं जहाँ पिछले समय में बार-बार सड़क दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं और जिनकी शिकायतें लगातार प्रशासन को प्राप्त हो रही थीं। यह कार्यवाही संपूर्ण सड़क सुरक्षा सुधार अभियान के अंतर्गत की जा रही है, जिसमें पुलिस विभाग के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण , मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, लोक निर्माण विभाग और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त भागीदारी रही।

### निरीक्षण एवं सुधार कार्य की मुख्य गतिविधियाँ

26 ब्लैक स्पॉट्स का स्थल निरीक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल एवं उपस्थित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में किया गया,




जिनमें एसडीओपी, एसडीएम, डीएसपी ट्रैफिक, थाना प्रभारी एवं तकनीकी अधिकारी सम्मिलित रहे। जिन स्थानों पर दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों में सड़क की बनावट, दृश्य संकेतों की कमी या अंधेरा था, वहाँ तत्काल सुधारात्मक कार्य प्रारंभ किए गए। आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड्स, कैट-आई मार्किंग, और स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना की गई। सड़क की मरम्मत एवं चौड़ीकरण जैसे दीर्घकालिक उपायों के लिए संबंधित तकनीकी विभागों को निर्देशित किया गया है। एक ट्रक सामग्री (स्पीड ब्रेकर, चेतावनी संकेतक आदि) को तत्काल मौके पर भेजकर सुधार कार्य शुरू करवा दिया गया, जिससे जनसुरक्षा में कोई विलंब न हो। रात के समय में दृश्यता बढ़ाने के लिए खासतौर पर अंधेरे क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था की गई है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम हो सके।

### संपूर्ण अभियान का उद्देश्य

यह पहल केवल एक औपचारिक निरीक्षण नहीं है, बल्कि यह एक संवेदनशील और रणनीतिक कदम है, जिसका उद्देश्य जिले में सड़क सुरक्षा को प्रभावशाली रूप से सुधारना और आमजन की जीवन रक्षा सुनिश्चित करना है। यह पहल बताती है कि दुर्घटनाओं के बाद कदम उठाने की बजाय, प्रशासन अब पूर्व-निवारक रणनीति को अपनाकर समय रहते संभावित खतरों को समाप्त करने की दिशा में अग्रसर है।